PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Tuesday 27th October 2015, Page: 9
Width: 11.57 cms, Height: 8.37 cms, a4, Ref: pmin.2015-10-27.48.44

# फार्मा उद्योग पर सरकार गंभीर

अजीत पाठक .नई दिल्ली

देश में फार्मा उद्योग की स्थिति को सुधारने और नए व छोटे फार्मा व्यवसायियों को दिक्कतों से निजात दिलाने की दिशा में केंद्र सरकार गंभीरता से आगे बढ़ रही है।

औषधि विभाग के सचिव की अध्यक्षता में गठित एक उच्चाधिकार समिति टास्क फोर्स द्वारा दिए गए सुझावों और फार्मा उद्योग की तरक्की में बाधा डालने वाले कारकों को दूर करने की राह तलाश कर फार्मा उद्योग के सुनहरे भविष्य की पटकथा लिखेगी।

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, टास्क फोर्स ने इस साल के मध्य में अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। उसके सुझाव पर एक उच्च अधिकारी समिति गठित की गई है।

औषधि विभाग के सचिव की अगुवाई में गठित इस समिति में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, औद्योगिक नीति बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ड्रग कंट्रोलर अथॉरिटी व अन्य कई केंद्रीय संस्थानों को शामिल किया गया है।

## टास्क फोर्स के सुझाव

बीते वर्ष दिसंबर में गठित टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में जो प्रमुख सुझाव दिए हैं उनमें फार्मा उद्योग के नियंत्रण के लिए एकीकृत व्यवस्था पर जोर दिया है। नई व छोटी फार्मा कंपनियों को वित्तीय सहायता देने की भी अनुशंसा की है। टास्क फोर्स ने कंपनियों को आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने, शोध और विकास कार्य पर जोर दिया है। फार्मा उद्योग की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाने की सलाह दी है।

The Govt- is serious about Pharma industry.
Govt.